ISO 9001:2015 Certified Institution

State Institute of Health & Family Welfare

Jhalana Institutional Area,Near Doordarshan Kendra, Jaipur-302004

क्रमांकः-F-109(6)/SIHFW/MH-Recru/Pharma/2023/8165-72 दिनांकः- 12/09/2025

## आदेश

फार्मासिस्ट भर्ती 2023 में अनुभव अवधि के दौरान अन्यत्र कार्यरत रह कर दोहरा लाभ अर्जित करने के सम्बंध में औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान जयपुर से जांच करवाई जाकर संस्थान के कमांक 2870–81 दिनांक 24.3.2025 के द्वारा अन्तिम चयन सूची जारी की गई है। श्री आशिष खण्डेलवाल के सम्बंध में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के पत्रांक 1772 दिनांक 10.07.2025 के द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर कमांक 7561–70 दिनांक 19.8.2025 के द्वारा श्री खण्डेलवाल का चयन फार्मासिस्ट पद पर किया गया था।

इसके उपरान्त भी इस सम्बंध में लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर संस्थान के पत्र क्रमांक 7967–72 दिनांक 08.09.2025 के द्वारा आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान, जयपुर को उक्त शिकायतों की जांच करवाकर दोहरे लाभ के सम्बंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाये जाने हेतु लिखा गया हैं।

पुलिस अधीक्षक, स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप, राजस्थान, जयपुर के पत्रांक 342 दिनांक 09.09.2025 के द्वारा परिवाद संख्या 2819 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार फार्मासिस्ट भर्ती 2023 में हुई अनियमितताओं बाबत् अग्रिम कार्यवाही हेतु भिजवाते हुए की गई कार्यवाही से अवगत कराये जाने बाबत लिखा है, के कम में आशीष खण्डेलवाल का भर्ती परिणाम अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित किया जाता हैं।

निदेशक

क्रमांकः-F-109(6)/SIHFW/MH-Recru/Pharma/2023/8165-72 दिनांकः-12/09/2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर को संस्थान के पूर्व पत्रांक 7967–72 दिनांक 08.09.2025 के क्रम में शीघ्र कार्यवाही कर अवगत कराने का श्रम करावें।
3. संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान सरकार।
4. पुलिस अधीक्षक, स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप, राजस्थान, जयपुर को उनके पत्रांक 342 दिनांक 09.09.2025 के क्रम में।
5. निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर को पत्रांक 1170 दिनांक 11.09.2025 के क्रम में।
6. श्री आशीष खण्डेलवाल को प्रेषित कर लेख है कि इस सम्बन्ध में आप तीन दिवस में संस्थान को प्राप्त परिवाद की प्रति प्राप्त कर सात दिवस में अपने प्रतिरक्षण में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक

Signature valid
Digitally signed by Shyam Sundar Agarwal
Designation : Director
Date: 2025.09.12 11:11:41 IST
Reason: Approved

Phone (O) 0141-2701938 Telefax(Dir) : 2706534
www.sihfwrajasthan.com E-mail: sihfw@gmail.com

RajKaj Ref No.: 17258613

eSign 1.0